गुजराती फिल्मों का निर्माण

1154. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजराती फिल्मों के निर्माण के लिये राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता और सुविधायें पर्याप्त नहीं हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार गुजराती फिल्मों को क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों का दर्जा देने का विचार रखती है ;

(ग) यदि हां, तो कब तक; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) से (घ) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम किसी भाषा की स्थिति अर्थात राष्ट्रीयता, क्षेत्रीयता का ध्यान किये बिना अथवा अन्यथा आलेख/प्रस्ताव के गुणों पर निर्भर करते हुये किसी भी भाषा में फिल्मों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाता है । निगम के पास गुजराती फिल्मों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने संबंधी अनेक प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुये हैं । तथापि, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम ने अभी तक 4 गुजराती फिल्मों को वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

आकाशवाणी और दूरदर्शन का राजस्व

1155. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूरदर्शन और आकाशवाणी ने अगले तीन वर्षों में अपने राजस्व अर्जन में वृद्धि करने के लिए कोई योजना बनायी है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1995–96, 1996–97 और 1997–98 के लिए राजस्व अर्जन संबंधी अलग-अलग अनुमान क्या हैं ; और

(ग) यदि हां, तो कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाने की दृष्टि से राजस्व अर्जन के उपयोग के संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं या उठाये जाने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) हालांकि इस उद्देश्य हेतु कोई विशिष्ट योजना नहीं बनायी गई है, तथापि रेटकार्डों में आवधिक संशोधन और वाणिज्यिक रूप से अधिक आकर्षक घटनाओं/कार्यक्रमों के टेलीकास्ट/प्रसारण के जरिए वाणिज्यिक राजस्व को बढ़ाने की आशा की गई है ।

(ख) (करोड़ रुपयों में)

	आकाशवाणी	दूरदर्शन
1995–96	91	455
1996–97	103	520
1997–98	138	606

(ग) आकाशवाणी और दूरदर्शन घरेलू तथा बाहरी निर्माताओं के माध्यम से बनाए गए कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सतत् प्रयत्नशील रहते हैं ।

National Film Forum

1156. SHRI SANJAY DALMIA: Will' the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to State:

(a) Whether Government have any proposal to set up. a National Film Forum; and

(b) if so, the details of Its cqnftr tution, terms of referenae, furictone and objectives?